# पटेल ब्रिज पर नगर निगम के बेकाबू टैंकर ने बरपाया कहर, 4 घायल

- 3-4 कारें और 2 बाइक भी हुईं क्षतिग्रस्त
- आक्रोशित लोगों ने टैंकर में की तोड़फोड़

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पटेल ब्रिज पर गुरुवार दोपहर नगर निगम का पानी का टैंकर ब्रेक फेल होने से बेकाबू हो गया और कई वाहनों को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गया. हादसे में 4 लोग घायल हो गए, जबकि 3-4 कारें और 2 बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं. घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आक्रोशित लोगों ने टैंकर में तोड़फोड़ भी की, हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया.**





प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गुरुवार को दोपहर में ब्रिज पर हमेशा की तरह ट्रैफिक का दबाव था. इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहा नगर निगम का टैंकर अचानक अनियंत्रित हो गया. ब्रेक फेल होने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और टैंकर सामने चल रहे वाहनों को टक्कर मारता चला गया. लोगों ने इधर-उधर भागकर खुद को बचाया. घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और यातायात सामान्य कराने की कोशिश की. एसीपी विनोद दीक्षित ने बताया कि प्राथमिक जांच में टैंकर के ब्रेक फेल होने की बात सामने आई है. मामले की जांच की जा रही है और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

### पुल पर अवैध पार्किंग और ट्रैफिक लापरवाही उजागर

हादसे के बाद एक बड़ा सवाल सामने आया है. स्थानीय लोगों का कहना है कि पटेल ब्रिज पर लंबे समय से नो-पार्किंग जोन के बावजूद अवैध रूप से गाड़ियां खड़ी की जाती हैं. इससे सड़क का बड़ा हिस्सा हमेशा घिरा रहता है और आवाजाही के लिए जगह कम बचती है. गुरुवार को भी ब्रिज पर कतार में खड़े वाहनों के कारण सड़क संकरी हो गई थी, जिसके चलते बेकाबू टैंकर के सामने अन्य वाहनों को साइड लेने तक की जगह नहीं मिल पाई. लोगों ने ट्रैफिक पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि यदि समय रहते अवैध पार्किंग पर कार्रवाई की जाती, तो हादसे का नुकसान कम हो सकता था.

# चरस तस्करी मामले में फरार महिला आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने कोर्ट परिसर से दबोचा

**इंदौर.** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में फरार चल रही महिला आरोपी को क्राइम ब्रांच ने जिला न्यायालय परिसर से गिरफ्तार कर लिया. महिला के दो साथियों को 5.20 लाख रुपए कीमत की 520 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया था. इसी मामले में उक्त महिला फरार चल रही थी. डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश त्रिपाठी ने बताया कि वर्ष 2025 में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में पूर्व में आरोपी दीपक कुशवाह और रजत उर्फ वैभव बुंदेला को गिरफ्तार किया गया था. दोनों के कब्जे से 520 ग्राम चरस जब्त की गई थी. मामले की जांच के दौरान साक्ष्यों के आधार पर सह-आरोपी स्वाती बुंदेला की संलिप्तता सामने आई थी, जो घटना के बाद से लगातार फरार चल रही थी. टीम ने आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दी, लेकिन वह पकड़ी नहीं जा सकी. मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर जिला न्यायालय परिसर में घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया. आरोपी स्वाती बुंदेला चित्रा नगर की रहने वाली है. पूछताछ में मादक पदार्थों के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की संभावना जताई जा रही है. पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है.

# शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, 4 लाख की 6 बाइक बरामद

- पकड़े गए आरोपी पर पहले से दर्ज हैं 8 आपराधिक केस

**इंदौर. अन्नपूर्णा पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 6 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं. जब्त वाहनों की कीमत करीब 4 लाख रुपए आंकी गई है. आरोपी ने शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से अपने साथी के साथ मिलकर चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया है.**



थाना प्रभारी हित गोपाल यादव ने बताया कि शहर में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है. इसी के तहत अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में दर्ज वाहन चोरी के प्रकरणों में पुलिस टीम लगातार तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर तंत्र के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही थी. इसी दौरान बुधवार को सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक चोरी की बाइक बेचने की फिराक में द्वारकापुरी क्षेत्र में घूम रहा है. सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी गौरव उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी अभिषेक उर्फ चिन्ना के साथ मिलकर शहर के अलग-अलग इलाकों से बाइक चोरी करना कबूल किया. आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने 6 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कर जब्त कर ली हैं. बरामद वाहनों का संबंधित मामलों से मिलान किया जा रहा है. एसीपी शिवेंदु जोशी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पहले से 8 आपराधिक मामले दर्ज हैं. फरार साथी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है.

# नकली क्राइम ब्रांच अधिकारी बताकर लूट का चौथा आरोपी गिरफ्तार

- बाप-बेटे का अपहरण कर फ्रॉड के केस में फंसाने की धमकी दी
- मारपीट कर 5.12 लाख के यूएसडीटी ट्रांसफर कराकर मोबाइल भी लूटा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नकली क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर करीब 5 लाख रुपए के यूएसडीटी और मोबाइल लूटने वाले गिरोह के फरार चल रहे चौथे आरोपी को क्राइम ब्रांच ने सागर से गिरफ्तार कर लिया है. इससे पहले तीन आरोपियों को पकड़ा जा चुका है. सभी आरोपियों के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं.**

डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश त्रिपाठी ने बताया कि द्वारिकापुरी में रहने वाले फरियादी स्नेह परमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ लोग खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर उसके घर में घुस आए और उसके व उसके पिता के साथ मारपीट की. इसके बाद आरोपी दोनों को कार में बैठाकर लसूड़िया क्षेत्र में ले गए, जहां उन्हें फ्रॉड के मामले में फंसाने और जेल भेजने की धमकी दी गई. डर के चलते आरोपियों ने फरियादी से उसके मोबाइल के जरिए ट्रेडिंग अकाउंट से 5773 यूएसडीटी, जिसकी कीमत करीब 5.12 लाख रुपए है, अलग अलग खातों में ट्रांसफर करवा लिए. साथ ही एक मोबाइल भी लूट लिया.

### लगातार पैसों की मांग कर रहे थे आरोपी

वारदात के बाद आरोपी लगातार और पैसों की मांग कर रहे थे, जिससे परेशान होकर फरियादी ने क्राइम ब्रांच में शिकायत की. मामले में पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर क्राइम ब्रांच टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपियों के बैंक खाते फ्रीज कराए और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तीन मुख्य आरोपी दीपक तिवारी, नीरज तिवारी और अमन लखिया को गिरफ्तार कर लिया था. विवेचना के दौरान फरार चौथे आरोपी नितिन लोधी निवासी सदर बाजार के सागर में होने का सुराग मिला. इस पर टीम ने सागर में दबिश देकर उसे भी गिरफ्तार कर लिया.

### आरोपियों पर पहले से दर्ज हैं दो दर्जन से अधिक आपराधिक केस

जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपियों पर इंदौर में दो दर्जन से अधिक अपराध पहले से दर्ज हैं. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे फरियादी पर कई दिनों से नजर रख हुए थे और उसकी क्रिप्टो ट्रेडिंग से हो रहे मुनाफे की जानकारी के आधार पर लूट की योजना बनाई थी. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.



## एक नजर में

### 6 दिन से खुले पड़े पानी टंकी के गड्ढे, हादसे की आशंका

**महू.** पेंशनपुरा वार्ड 5 में निर्माणाधीन पानी की टंकी के पास खोदे गए गड्ढे पिछले छह दिनों से खुले पड़े हैं. गुरुवार को स्थानीय निवासियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि निर्माण एजेंसी द्वारा सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं, जिससे क्षेत्र में किसी बड़े हादसे का खतरा बना हुआ है. टंकी निर्माण के लिए सड़क किनारे और आसपास गहरे गड्ढे खोदे गए हैं. इन गड्ढों के चारों ओर न तो कोई बैरिकेडिंग की गई है और न ही चेतावनी संबंधी कोई बोर्ड लगाए गए हैं. इससे यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. स्थानीय लोगों ने चिंता व्यक्त की है कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में बच्चे खेलते हैं और खुले गड्ढों के कारण किसी भी समय कोई बच्चा उसमें गिर सकता है. इसके अलावा, रात के समय अंधेरे में दोपहिया वाहन चालक भी दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं. निवासियों ने छावनी परिषद और संबंधित निर्माण एजेंसी से तत्काल सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और गड्ढों के आसपास बैरिकेडिंग लगाने की मांग की है, ताकि किसी भी संभावित हादसे को टाला जा सके.



### शहीद टंट्या मामा मंडल ने सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण उत्सव मनाया



**महू.** सिमरोल के शहीद टंट्या मामा मंडल की बैठक अहिल्या पठार में आयोजित की गई. बैठक में संगठन के निर्देशानुसार आगामी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के संकल्प को स्मरण कर उत्सव मनाया गया. कार्यक्रम में भगवान शिव का अभिषेक व सुंदरकांड पाठ कर राष्ट्र, समाज एवं जनकल्याण की मंगलकामना की गई. विधायक ऊषा ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती, सेवा का संकल्प और राष्ट्रहित का मार्ग ही हमारी कार्यशैली का आधार है. पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने जो ऊंचाइयां छुई हैं, उसे जन-जन तक पहुंचाना हमारा दायित्व है. बैठक में पूर्व जिला महामंत्री सुनील तिवारी, जिला मंत्री अजय यादव, किसान मोर्चा जिला महामंत्री सत्यनारायण परमार, मंडल अध्यक्ष रुपेश वाघमोड़े, मंडल प्रभारी सुनील गेहलोत सहित मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे. इस अवसर पर सभी ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया.

### मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने पर प्रदर्शन, धरना

**महू.** कांग्रेस की राज्यसभा की प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के विरोध में कांग्रेसियों ने धरना देकर प्रदर्शन किया. जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया कि कोतवाली चौक महात्मा गांधी प्रतिमा के नीचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन एवं उपवास कार्यक्रम आयोजित किया. कार्यक्रम के अंत में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया. इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार एवं निर्वाचन प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे लोकतंत्र और संविधान पर हमला बताया. इस अवसर पर शहर कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष पप्पू खान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता योगेश यादव, कैलाशदत्त पांडे, हरिराम चौहान, विजय नौलखा, जुगनू जादवसिंह धनावत, शक्तिसिंह गोयल, विजेंद्रसिंह चौहान, मोहन अग्रवाल, विष्णु मालवीय, पप्पू खान, पुनीत शर्मा, राजकुमार बागड़ी, लियाकत पठान, नरेश जोशी, मुन्नालाल वर्मा, अजय वर्मा, आनंद गोगलिया, मुस्ताक खान, नारायण पटेल सहित सैकड़ों कांग्रेस जन उपस्थित रहे.



# मेहंदी कुंड दोहरे हत्याकांड में आरोपी को दोहरी उम्रकैद

**इंदौर.** शहर के पास पिकनिक स्पॉट मेहंदी कुंड में युवक-युवती की हत्या के सनसनीखेज मामले में करीब 9 साल बाद अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है. अपर सत्र न्यायाधीश सोनल पटेल की कोर्ट ने आरोपी बलराम मकवाना को दोषी पाते हुए दोहरे आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है.

घटना 6 नवंबर 2017 की है, जब हिमांशु और श्रेया स्कूटर से मेहंदी कुंड घूमने गए थे. रास्ते में आरोपी बलराम और उसके साथियों ने उन्हें रास्ता बताने के बहाने जंगल की ओर ले जाकर नकोड़ी कुंड के पास 200 फीट गहरी खाई तक पहुंचाया. यहां आरोपियों ने पहले दोनों को डरा-धमकाकर मारपीट की और 5200 रुपए नकद, आधार कार्ड व सोने की चेन लूट ली. इसके बाद दोनों को खाई में धकेल दिया. नीचे गिरने के बाद भी जिंदा होने की आशंका में आरोपी खाई में उतरे और पत्थरों से उनके सिर कुचल दिए. वारदात के बाद शवों को बड़े पत्थरों से ढंककर आरोपी फरार हो गए थे. इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा करीब छह माह बाद हुआ, जब एक अन्य चोरी के मामले में जेल में बंद आरोपी बलराम का दूसरे आरोपी से विवाद हुआ और बातचीत में इस वारदात का राज खुल गया. जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो खाई में दोनों के नरकंकाल बरामद हुए. मामले में शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक अजय मिमरोट ने पैरवी की.

## शोरूम से खरीदारी के बहाने आभूषण ले उड़े दंपती

**इंदौर.** विजय नगर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक ज्वेलरी शोरूम में चोरी की वारदात सामने आई है. महिला-पुरुष दंपती खरीदारी के बहाने आए और सेल्समैन का ध्यान भटकाकर लाखों रुपए के सोने के आभूषण चोरी कर फरार हो गए. कुबेर नगर सिविल लाइन, देवास निवासी शाहरुख शेख ने शिकायत दर्ज कराई है कि एबी रोड स्थित रिलायंस ज्वेलरी शोरूम में एक महिला और पुरुष ग्राहक बनकर पहुंचे थे. दोनों ने काफी देर तक अलग अलग आभूषण देखे और इसी दौरान सेल्समैन का ध्यान भटका दिया. आरोप है कि मौके का फायदा उठाकर दंपति ने सोने की ईयर रिंग चोरी कर ली और बिना शक पैदा किए शोरूम से निकल गए. बाद में स्टॉक चेक करने पर चोरी का पता चला. चोरी गए आभूषण की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है. पुलिस ने मामला दर्ज कर शोरूम के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है.

# महिला ने एसिड पीकर दी जान, दो की संदिग्ध हालात में मौत

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में संदिग्ध हालातों में तीन मौतें होने के मामले सामने आए हैं. द्वारकापुरी क्षेत्र में मानसिक रूप से परेशान महिला ने एसिड पी लिया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई. वहीं तिलक नगर और भंवरकुआं इलाके में भी दो लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.**

द्वारकापुरी क्षेत्र निवासी सोनू सिसौदिया उम्र 43 साल पत्नी स्व. जगदीश सिसौदिया ने दोपहर एसिड पी लिया था. तबीयत बिगड़ने पर बेटा उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां देर रात करीब 11 बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पति की करीब आठ माह पहले मौत के बाद से वह मानसिक तनाव में थी. परिजन उसका इलाज डॉक्टरों के साथ-साथ तांत्रिक से भी करा रहे थे. बताया गया कि दो दिन पहले ही परिवार में पोते का जन्म हुआ था. बुधवार को नवजात को घर लाए जाने पर महिला ने उसे अंदर लेने से मना कर दिया और घबराने लगी. परिजनों के समझाने के बावजूद गुस्से और तनाव में आकर उसने यह कदम उठा लिया. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

### तिलक नगर और भंवरकुआं क्षेत्र में दो मौत

वहीं तिलक नगर थाना क्षेत्र में आकाश (उम्र लगभग 30 वर्ष) पुत्र राजू तायड़े निवासी रामाबाई नगर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई. परिजन उसे तबीयत बिगड़ने पर एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

इसके अलावा भंवरकुआं थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी निवासी अजय उम्र 58 साल पुत्र मुन्नालाल की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. परिजनों के अनुसार उन्हें हार्ट अटैक आया था, हालांकि पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और जांच कर रही है.

# यात्री का 50 हजार का सामान सुरक्षित बरामद कर लौटाया

नव भारत न्यूज

**इंदौर. जीआरपी इंदौर की तत्परता और ईमानदारी का एक सराहनीय मामला सामने आया है, जहां टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक रेल यात्री का करीब 50 हजार मूल्य का खोया सामान सुरक्षित बरामद कर उसे वापस सौंप दिया.**




गुरुवार को रेल यात्री धरमेश पिता ललित महिंद्रा उम्र 35 साल निवासी बदलापुर, थाना ठाणे (मुंबई) परिवार के साथ इंदौर से उज्जैन की यात्रा कर रहे थे. उज्जैन स्टेशन पर अवंतिका एक्सप्रेस से उतरने के बाद उन्हें याद आया कि उनका बैग ट्रेन में ही छूट गया है. बैग में दो कैमरे, एक हाथघड़ी सहित अन्य कीमती सामान रखा था. सूचना मिलते ही जीआरपी इंदौर ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए अवंतिका एक्सप्रेस के इंदौर स्टेशन पहुंचने पर प्लेटफॉर्म नंबर-4 पर कोच बी/2 की सघन तलाशी ली. जांच के दौरान बैग सुरक्षित हालत में बरामद कर लिया, बैग को थाने लाकर पंचों की मौजूदगी में खोलकर जांच की गई, जिसमें यात्री द्वारा बताए गए सभी सामान सुरक्षित मिले. बाद में आवेदक के थाने पहुंचने पर विधिवत सत्यापन कर पूरा सामान उसे सुपुर्द कर दिया. अपना कीमती सामान सुरक्षित वापस मिलने पर यात्री और उसके परिवार ने जीआरपी की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए आभार जताया.

## देवर पर लगाया छेड़छाड़ व जबरदस्ती का आरोप

**इंदौर.** एक महिला ने अपने देवर पर छेड़छाड़ और जबरदस्ती करने के गंभीर आरोप लगाए हैं. जनसुनवाई में की गई शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने ग्रीन पार्क निवासी आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. पीड़िता मूल रूप से उज्जैन की रहने वाली है. उसने हाल ही में जनसुनवाई में शिकायत करते हुए बताया था कि शादी के बाद उसका पति शराब के नशे में उसके साथ मारपीट और प्रताड़ना करता था. इसी दौरान देवर उस पर बुरी नजर रखने लगा और जबरदस्ती करने की कोशिश की. महिला ने आरोप लगाया कि लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर वह उज्जैन स्थित अपने मायके चली गई. बीच में ससुराल पक्ष के लोग समझौते के लिए भी पहुंचे, लेकिन मामला सुलझ नहीं सका. इसके बाद महिला ने उज्जैन में भी ससुराल पक्ष के खिलाफ केस दर्ज कराया था. इधर, इंदौर पुलिस ने जनसुनवाई में मिली शिकायत की जांच के बाद आरोपी देवर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी के फर्जी मेल से डराकर वसूली की कोशिश

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में साइबर ठगों ने लोगों को निशाना बनाने के लिए नया तरीका अपनाया है. अब सीबीआई के नाम पर फर्जी मेल भेजकर लोगों को चाइल्ड पोर्नोग्राफी के झूठे आरोप में फंसाने और डराकर ठगी करने का प्रयास किया जा रहा है. ऐसे कई मामलों की शिकायत साइबर सेल में पहुंची है.**

लोगों को भेजे जा रहे मेल में लिखा होता है कि उनके आईपी एड्रेस का उपयोग चाइल्ड पोर्नोग्राफी में हुआ है और इसके लिए तीन साल की सजा का प्रावधान है. मेल में खुद को सीबीआई अधिकारी बताने वाले राजेशकुमार के नाम से नोटिस भेजा जा रहा है. इसमें सीबीआई दिल्ली कार्यालय का पता भी दिया है, जिससे मेल असली लगे. साइबर ठग पहले डिजिटल अरेस्ट के नाम पर लोगों को डराकर ठगी कर रहे थे. अब जब लोग उस तरीके को लेकर सतर्क हो गए हैं, तो ठगों ने नया तरीका अपनाते हुए फर्जी कानूनी कार्रवाई का डर दिखाना शुरू कर दिया है. मेल के जरिए लोगों पर दबाव बनाया जाता है कि वे संपर्क करें या पैसे देकर मामला सुलझाएं. साइबर सेल के अनुसार ऐसे मेल पूरी तरह फर्जी हैं और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है.

किसी भी अनजान मेल या लिंक पर प्रतिक्रिया देने से बचें और तुरंत इसकी शिकायत साइबर सेल या पुलिस को करें.

## हमले में घायल ने तीन दिन बाद तोड़ा दम

**इंदौर.** राऊ थाना क्षेत्र में उधारी के विवाद में किए गए हमले में गंभीर घायल मजदूर की मौत हो गई. रंगवासा में रहने वाला सतीश चौहान उम्र 43 साल पर 8 जून की रात पड़ोसी राजेश मकवाना ने हमला किया था. मृतक के भाई महेश ने बताया कि आरोपी ने शराब के नशे में सतीश के सिर पर ईंट मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था. राजेश उधारी के पैसे मांग रहा था. घटना वाली रात वह नशे में घर के बाहर हंगामा कर रहा था. इसी दौरान वहां से गुजर रहे सतीश पर उसने अचानक ईंट से हमला कर दिया. घायल सतीश को पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, बाद में हालत बिगड़ने पर एमवाय अस्पताल रेफर किया. जहां बुधवार देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. आरोपी राजेश मकवाना घटना के बाद से परिवार सहित फरार है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

**एक नजर में** — **ओवरफ्लो चैंबरों के कारण बनी रहती है गंदगी, बदबू और मच्छरों से परेशान हैं रहवासी**

# हमेशा चोक रहती है नंदन नगर की सीवरेज लाइन

**इंदौर. शहर की स्वच्छता के डंके के बीच शहर के कई क्षेत्रों में सीवरेज लाइन की समस्या सामने आई है. कुछ क्षेत्रों में आज भी ओवरफ्लो चैंबरों के कारण गंदगी बनी रहती है. लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते लोगों की इस समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है.**

बदहाल सीवरेज लाइन की समस्या का एक मामला चंदननगर क्षेत्र से लगे हुए वार्ड 3 से सामने आया है. वार्ड के नंदन नगर क्षेत्र में सीवरेज समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है. क्षेत्र की गली नंबर 2 और 3 के रहवासियों ने बताया कि सीवरेज लाइन अधिकांश समय चोक रहती है, जिसके कारण चैंबरों से गंदगी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर फैल जाती है. बताया जाता है कि वर्षभर यही स्थिति बनी रहती है और गंदा पानी व कचरा आसपास के वातावरण को दूषित कर रहा है. गंदगी के चलते क्षेत्र में मच्छरों, मक्खियों तथा अन्य हानिकारक जीवों की संख्या बढ़ गई है, जिससे लोगों में विभिन्न बीमारियों का खतरा बना हुआ है.



### इनका कहना है...



सभी घरों में छोटे-छोटे बच्चे रहते हैं बाहर भी निकालते हैं ऐसे में चेंबर उसे बहने वाली गंदगी से उठने वाली बीमारी सबसे पहले छोटे बच्चों को चपेट में लगती है. - राबिया बी



क्षेत्र में बहुत ज्यादा गंदगी हो रही है सिवरेज लाइन पूरी तरहा से चौक हो प?ी है जिसकी सही तरीके से सफाई नहीं कि जाती साफाई कर्मी भी लापरवाही करते हैं. - अमिना बी



जब भी लाइन और चेम्बर साफ करते हैं दूसरे दिन वही हालत हो जाती है चेंबरों के टूटे ढक्कन तक नहीं बदल रहे सफाई कर्मियों को कहो तो टाल देते हैं. - हसीना बी



शिकायत मिलने पर हमने कई जगह सीवरेज लाइन चेक की है एक स्थान पर दो और दूसरे स्थान पर सिवरेज के चार नए पाइप में डालने का कार्य इसी हफ्ते होने वाला है. - शिखा दुबे पार्षद